श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक: एफ-3/एलबीएस/शै/2022/1263

दिनांक: 24 जनवरी, 2022

कार्यालय सूचना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021-22 हेतु निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर (2021-22) के अनुसार दिनांक 25.01.2022 से 31.01.2022 तक सेमेस्टर ब्रेक घोषित किया जाता है। उक्त समयावधि के दौरान जिन अध्यापकों की परीक्षा हेतु ड्यूटी लगाई गई है उन्हें निर्धारित परीक्षा समय-सारिणी के अनुसार अनिवार्य रूप से अपने कार्य का निर्वाह करना होगा। इस दौरान सभी अतिथि अध्यापकों को अपने-अपने विषयों की कक्षाओं का संचालन ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। कोविड-19 महामारी एवं ओमीक्रॉन संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों को संज्ञान में लेते हुए तथा स्वास्थहित को ध्यान में रखते हुए यथासम्भव मुख्यालय न छोड़े। अनिवार्यता की स्थिति में सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त ही मुख्यालय छोड़े।

अन्य समस्त गतिविधियाँ निर्धारित तिथियों के अनुसार संचालित रहेंगी। तदुपरान्त दिनांक 01.02.2022 से अगले सेमेस्टर की कक्षाएं पुनः आरम्भ होगी। विभागाध्यक्ष अपनी-अपनी विभागीय समय-सारिणी के अनुसार कक्षाओं का नियमित संचालन सुनिश्चित करें।

यह सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी की जा रही हैं।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. समस्त पीठ प्रमुख/विभागाध्यक्ष
2. कुलपति/कुलसचिव के निजी सचिव
3. विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)
4. उप कुलसचिव (परीक्षा/शैक्षणिक)
5. सहायक कुलसचिव (प्रशासन-I)
5. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित की वे उक्त सूचना को वेबसाइट पर अपलोड करने कराने का कष्ट करें।
6. सम्बन्धित पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

For n/a

24/01/2022